**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**24.07.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 289 का उत्तर**

**रेलवे पुलों/अंडरपास का निर्माण**

**289. श्री के. ई. प्रकाश:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या इरोड मंडल का वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए उच्च यातायात वाले रेलवे समपारों पर रेल पुलों या अंडरपासों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव है;**
**(ख) यदि हां, तो रेल पुलों/अंडरपासों के निर्माण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन और समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;**
**(ग) विगत दस वर्षों के दौरान प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों की संख्या और प्रस्तावों के चयन के मानदण्डों का ब्यौरा क्या है; और**
**(घ) स्वीकृत प्रस्तावों और अनुमानित लागत की वर्तमान स्थिति क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**********

s.k

**रेलवे पुलों/अंडरपास के निर्माण के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री के. ई. प्रकाश के अतारांकित प्रश्न सं. 289 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (घ): भारतीय रेल पर समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुल के कार्यों को स्वीकृत करना सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्य गाड़ी परिचालन में संरक्षा पर इसके प्रभाव, गाड़ियों की गतिशीलता एवं सड़क प्रयोक्ताओं पर प्रभाव और व्यवहार्यता आदि के आधार पर किए जाते हैं।**

**पिछले 10 वर्षों के दौरान, इरोड जिले में 07 निचले सड़क पुल कमीशन किए गए हैं। इसके अलावा, इरोड जिले में ₹164.18 करोड़ की कुल लागत पर समपार के बदले 04 ऊपरी सड़क पुल स्वीकृत किए गए हैं।**

**किसी ऊपरी/निचले सड़क पुल के कार्य का पूरा होना समपार को समाप्त करने की सहमति के लिए राज्य सरकारों का सहयोग, पहुंच मार्ग संरेखण निर्धारित करना, सामान्य आरेखण व्यवस्था (जीएडी) का अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, अतिल्लंघनकारी सुविधाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण विशेष परियोजना/कार्य स्थलों के लिए एक वर्ष में कार्य महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।**

*********

s.k